प्रदेश में विकास व निवेश का नया युग : योगी

- मुख्यमंत्री ने आइकिया स्टोर का वर्चुअली किया शिलान्यास
- कहा, इससे नौ हजार से अधिक युवाओं को मिलेगा रोजगार

5.5 हजार करोड़ का निवेश कर रही है आइकिया इंडिया

आइकिया स्टोर का वर्चुअली शिलान्यास करते मुख्यमंत्री योगी ● सूचना विभाग

राज्य ब्यूरो, जागरण ● लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को नोएडा में स्थापित हो रहे आइकिया स्टोर का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि साढ़े सात वर्ष में उत्तर प्रदेश ने देश-दुनिया के निवेशकों का विश्वास अर्जित किया है। आइकिया इंडिया उन्हीं निवेशकों में से एक है। आइकिया के 5,500 करोड़ के निवेश प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश में निवेश के लिए पहली पसंद बन गया है। पिछले साढ़े सात वर्ष में प्रदेश ने विकास और निवेश के नए युग में प्रवेश किया है।

मुख्यमंत्री आवास पांच कालिदास मार्ग में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि इस नई परियोजना में आइकिया रिटेल स्टोर, होटल, आफिस स्पेस और शापिंग सेंटर खोला जाएगा। इससे नौ हजार से अधिक युवाओं को रोजगार मिलेगा। प्रदेश की ओडीओपी योजना देश की अभिनव योजना बन गई है। बेहतरीन कानून व्यवस्था से यूपी ईज आफ डूइंग बिजनेस में देश में अग्रणी है। योगी ने कहा कि वर्ष 2017 में प्रदेश ने औद्योगिक विकास नीति बनाई थी, उस समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मार्गदर्शन करते हुए कहा था कि निवेश को रोजगार के साथ जोड़ना चाहिए। आइकिया इंडिया के स्टोर का शिलान्यास उसी का परिणाम है।